# 56-59वीं बिहार पी. एस. सी. (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2015
# सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान
### हल प्रश्न-पत्र
### (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

### सैन्धव सभ्यता

1. निम्नलिखित में से कौन हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के उत्खनन से सम्बन्धित नहीं थे?
(a) आर.डी. बनर्जी (b) के.एन. दीक्षित
(c) एम.एस. वत्स (d) वी.ए. स्मिथ
उत्तर–(d)

व्याख्या – आर. डी. बनर्जी, के. एन. दीक्षित तथा एम. एस. वत्स हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के उत्खनन से संबंधित थे जबकि वी. ए. स्मिथ विश्व इतिहासकार थे जिन्होंने भारत के इतिहास से संबंधित कई पुस्तकों की रचना की जिनमें 'द ऑक्सफोर्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया', 'आर्ट ऑफ इंडिया', 'द अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' प्रमुख है।

### बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

2. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिया था?
(a) वैशाली (b) कौशाम्बी
(c) सारनाथ (d) पावापुरी
उत्तर–(c)

व्याख्या – 35 वर्ष की आयु में बोधगया में निरंजना नदी के तट पर ज्ञान प्राप्त करने के उपरांत गौतम बुद्ध ने सारनाथ (वाराणसी) में अपना प्रथम धर्मोपदेश दिया। यह घटना धर्मचक्र प्रवर्तन कहलाती है। वे पांच ब्राह्मण जिन्हें बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश दिया, थे – कौण्डिन्य, वाप्य, भद्रिक, अश्वजित और महानाम।

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

3. 'इण्डिका' का लेखक कौन था?
(a) विष्णुगुप्त (b) मेगस्थनीज (c) डाइमेकस (d) प्लिनी
उत्तर–(b)

व्याख्या – मौर्यकालीन इतिहास जानने का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत मेगस्थनीज द्वारा लिखी गई 'इंडिका' है। इसे यूनान के शासक सेल्यूकस ने अपना दूत बनाकर चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा। विष्णुगुप्त चाणक्य का उपनाम था। प्लिनी एक यूनानी यात्री तथा लेखक था जिसने प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व में भारत की यात्रा की और 'नेचुरल हिस्ट्री' के नाम से यात्रा वृतांत लिखा। डाइमेकस सीरिया के शासक एंटिओकस प्रथम का राजदूत था जो मौर्य सम्राट बिन्दुसार के दरबार में भेजा गया था।

### गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तर काल तथा बर्द्धन वंश

4. 'प्राचीन भारत का नेपोलियन' किसे कहा जाता है?
(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) पुष्यमित्र
(c) कनिष्क (d) समुद्रगुप्त
उत्तर–(d)

व्याख्या – समुद्रगुप्त की विजयगाथा से प्रभावित होकर वी. ए. स्मिथ ने उन्हें 'भारत के नेपोलियन' की संज्ञा दी।

5. हर्षवर्धन के शासनकाल में किस चीनी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
(a) फाह्यान (b) ह्वेनसांग
(c) इत्सिंग (d) तारानाथ
उत्तर–(b)

व्याख्या – भारत में बौद्ध धर्मग्रन्थों का अध्ययन करने तथा बौद्ध तीर्थ स्थलों के दर्शन के उद्देश्य से बौद्ध भिक्षु व चीनी यात्री ह्वेनसांग ने हर्षवर्धन के समय भारत की यात्रा की। उसने नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन किया तथा वहाँ का उप-कुलपति भी रहा। उसका यात्रा वृतांत 'सी-यू-की' के नाम से विख्यात है।

6. नालन्दा विश्वविद्यालय के स्थापक कौन थे?
(a) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य (b) कुमारगुप्त
(c) धर्मपाल (d) पुष्यगुप्त
उत्तर–(b)

व्याख्या – चंद्रगुप्त विक्रमादित्य की मृत्यु के बाद कुमारगुप्त-I शासक बना जिसका कार्यकाल 414 ई. से 455 ई. तक था। उसने दशपुर में एक सूर्यमंदिर का निर्माण करवाया तथा नालंदा में एक विहार की स्थापना भी करवाई जो आगे चलकर नालंदा विश्वविद्यालय के नाम से विख्यात हुआ। पाल शासक धर्मपाल ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की।

## मध्यकालीन इतिहास

### दिल्ली सल्तनत

7. 'ढाई दिन का झोपड़ा' क्या है?
(a) मस्जिद (b) मन्दिर
(c) संत की झोपड़ी (d) मीनार
उत्तर–(a)

व्याख्या – 'लाखबख्श' के उपनाम से विख्यात कुतुबुद्दीन ऐबक भारत का प्रथम मुस्लिम शासक था। उसने कुतुबमीनार का निर्माण आरम्भ करवाया तथा अजमेर में 'ढाई दिन का झोपड़ा' नाम से एक मस्जिद बनवाई।

### मुगल साम्राज्य

8. 'तुजुक-ए-बाबरी' किस भाषा में लिखा गया था?
(a) फारसी (b) अरबी
(c) तुर्की (d) उर्दू
उत्तर–(c)

व्याख्या – भारत में मुगलवंश के संस्थापक बाबर ने चगताई तुर्की में 'तुजुक-ए-बाबरी' या 'बाबरनामा' की रचना की। बाबर पितृपक्ष से तैमूर तथा मातृपक्ष से चंगेज खाँ का वंशज था।



Scanned by CamScanner

9. हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की सेना के सेनापति कौन थे?

(a) अमर सिंह (b) मान सिंह
(c) हकीम खान (d) शक्ति सिंह

उत्तर–(c)

व्याख्या–हल्दीघाटी का युद्ध 1576 ई. में मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप व मुगल शासक अकबर के बीच हुआ था। इस युद्ध में मुगल सेना का नेतृत्व राजा मानसिंह एवं राजपूत सेना का नेतृत्व स्वयं महाराणा प्रताप एवं अन्य सरदारों जिसमें अफगान सरदार हकीम खान सूर प्रमुख था, ने किया था।

## मराठा वंश

10. शिवाजी की राजधानी कहाँ थी?

(a) रायगढ़ (b) सिंधुदुर्ग (c) पूना (d) कोल्हापुर

उत्तर–(a)

व्याख्या – शिवाजी का जन्म 20 अप्रैल, 1627 को पूना के पास शिवनेरी के दुर्ग में हुआ था। शिवाजी के राज्य की राजधानी रायगढ़ (महाराष्ट्र) में थी।

# आधुनिक इतिहास

## 1857 का विद्रोह एवं 19वीं शताब्दी का जनान्दोलन

11. 1857 में भारत का गवर्नर-जनरल कौन था?

(a) वेलेजली (b) डलहौजी
(c) केनिंग (d) मिन्टो

उत्तर–(c)

व्याख्या – गवर्नर जनरल के पद पर कैनिंग की नियुक्ति 1856 ई. में हुई थी। 1857 के महाविद्रोह के बाद 1858 में एक अधिनियम पारित कर भारत का शासन कम्पनी से ब्रिटिश सरकार ने अपने हाथ में ले लिया। गवर्नर जनरल का पदनाम बदलकर वायसराय कर दिया गया। वायसराय के पद पर कैनिंग 1862 ई. तक रहा।

12. किस घटना के बाद महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन को अपनी 'हिमालय जैसी भूल' बताई थी?

(a) चौरी-चौरा (b) खेड़ा सत्याग्रह
(c) नागपुर सत्याग्रह (d) राजकोट सत्याग्रह

उत्तर–(a)

व्याख्या – कलकत्ता में कांग्रेस के विशेष अधिवेशन (1920) में पास हुए असहयोग आंदोलन संबंधी प्रस्ताव को नागपुर में 1920 में हुए कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन में पुष्टि कर दी गई। फरवरी 1922 में गाँधी जी ने वायसराय को एक पत्र लिखकर धमकी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर सरकार की उत्पीड़नकारी नीतियाँ वापस न ली गई तो व्यापक सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हो जायेगा। समय सीमा पूरी होने से पहले ही उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में स्थित चौरी-चौरा नामक स्थान पर 5 फरवरी, 1922 को पुलिस के 22 जवानों को थाने के अंदर जिंदा जला दिया गया। इससे आहत होकर गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया।

13. बंग-भंग के बाद कौनसा आन्दोलन शुरू हुआ था?

(a) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (b) स्वदेशी आन्दोलन
(c) भारत छोड़ो आन्दोलन (d) असहयोग आन्दोलन

उत्तर–(b)

व्याख्या – ब्रिटिश संसद द्वारा 20 जुलाई, 1905 को बंगाल के विभाजन के निर्णय की घोषणा की गई जिसे 16 अक्टूबर, 1905 को लागू किया गया। इसके विरोध में कांग्रेस के बनारस अधिवेशन 1905 जिसकी अध्यक्षता गोपाल कृष्ण गोखले ने की, में स्वदेशी और बहिष्कार आंदोलन का अनुमोदन किया गया।

14. इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्षा कौन थी?

(a) श्रीमती एनी बेसन्ट (b) सुचेता कृपलानी
(c) सरोजिनी नायडू (d) इन्दिरा गांधी

उत्तर–(c)

व्याख्या – 1847 में इंग्लैण्ड में जन्मीं एनी बेसेन्ट को 1917 ईस्वी में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में प्रथम महिला कांग्रेस अध्यक्षा होने का गौरव प्राप्त हुआ। इन्होंने 1904 में बनारस में सेंट्रल हिन्दू कॉलेज की स्थापना की। भारत में वह थियोसोफिकल सोसायटी से गहन रूप से जुड़ी रहीं तथा उन्होंने 'न्यू इंडिया' और 'कॉमनवील' नामक समाचार पत्र भी निकाला। जबकि कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्षा सरोजनी नायडू थीं। इन्होंने दिसम्बर 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस के 40वें अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

15. मैडम कामा ने 1907 में प्रथम तिरंगा ध्वज कहाँ फहराया था?

(a) लंदन (b) पेरिस
(c) मास्को (d) स्टुटगार्ट

उत्तर–(d)

व्याख्या – मैडम भीकाजी कामा का जन्म 1861 में हुआ था। 1907 में उन्होंने स्टुटगार्ड में हुए सोशलिस्ट कांग्रेस अधिवेशन में प्रथम तिरंगा ध्वज लहराया। उन्होंने इंग्लैण्ड में भारतीय युवाओं को संगठित किया तथा 'फ्री इंडिया सोसायटी' की स्थापना की और 'वंदेमातरम्' नामक समाचार पत्र निकाल कर अपनी क्रांतिकारी भावनाओं की मुखर अभिव्यक्ति आरम्भ की।

16. बिहार के कौनसे स्थान में गाँधीजी ने अपना प्रथम सत्याग्रह किया था?

(a) चम्पारण (b) छपरा
(c) बेतिया (d) पटना

उत्तर–(a)

व्याख्या – तिनकठिया प्रथा के विरुद्ध भारत में सत्याग्रह का प्रथम प्रयोग गाँधीजी द्वारा 1917 में बिहार के चम्पारन में किया गया। चम्पारन सत्याग्रह का गाँधीजी द्वारा सफल नेतृत्व किए जाने से प्रभावित रवीन्द्रनाथ टैगोर ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से सुशोभित किया।

17. 1922 में गया के इण्डियन नेशनल कांग्रेस के अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?

(a) चितरंजन दास (b) एस.एन. बनर्जी
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (d) हकीम अजमल खान

उत्तर–(a)

व्याख्या – देशबंधु के उपनाम से विख्यात चितरंजन दास ने 1922 के कांग्रेस के गया अधिवेशन की अध्यक्षता की। मोतीलाल नेहरू के साथ मिलकर इन्होंने स्वराज पार्टी का गठन किया।

18. 1920-22 के असहयोग आन्दोलन के दौरान बिहार में प्रचलित मान्यताओं में से एक यह थी कि उनकी जीत होगी, क्योंकि गांधी–

(a) धर्म के प्रतीक थे
(b) एक निपुण राजनीतिज्ञ थे



Scanned by CamScanner

(c) को अंग्रेजों को हराने का तरीका पता था
(d) अंग्रेजी जानते थे
उत्तर–(a)

19. किस क्षेत्र में राहुल सांकृत्यायन 1920 के असहयोग आन्दोलन में सक्रिय थे?
(a) छपरा (b) दिल्ली (c) लखनऊ (d) पटना
उत्तर–(a)

व्याख्या–राहुल सांस्कृत्यायन जिनका वास्तविक नाम केदार पांडे था। लब्धप्रतिष्ठ विद्वान एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्होंने असहयोग आन्दोलन के दौरान बिहार के छपरा में इस आन्दोलन का नेतृत्व किया एवं जेल गए।

20. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
(a) 1857 में दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने आदमी तथा पैसे से अंग्रेजों की मदद की
(b) 1857 में दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने आदमियों से अंग्रेजों की मदद की, पैसे से नहीं
(c) 1857 में दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने पैसे से अंग्रेजों की मदद की, आदमियों से नहीं
(d) 1857 में दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने अंग्रेजों का विरोध किया।
उत्तर–(a)

## सामाजिक, सांस्कृतिक, जागृति, निम्नजाति, मजदूर संघ किसान आन्दोलन

21. स्वामी सहजानंद सरस्वती ने 'भूमि और जलमार्ग के राष्ट्रीयकरण' की माँग के साथ अखिल भारतीय संयुक्त किसान सभा का गठन किया–
(a) उनकी मृत्यु से ठीक पहले (b) बहुत कम उम्र में
(c) 1930 के दशक में (d) 1920 के दशक में
उत्तर–(c)

व्याख्या–सविनय अवज्ञा आन्दोलन की समाप्ति के बाद स्वामी सहजानंद सरस्वती के बाद स्वामी सहजानंद सरस्वती एवं एन.जी. रंगा ने 11 अप्रैल, 1936 को लखनऊ में अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना की थी।

22. किसने 'दुखी', 'दुखी आत्मा', 'दुखी हृदय' जैसे छद्मनामों के तहत् लिखकर चम्पारण के किसानों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला?
(a) पीर मुहम्मद मुनीस (b) राजेन्द्र प्रसाद
(c) सहजानंद सरस्वती (d) एस.एन. सिन्हा
उत्तर–(a)

व्याख्या–पीर मुहम्मद मुनीस हिन्दी के प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार थे। इन्होंने चम्पारण क्षेत्र में यूरोपीय बागान मालिकों द्वारा किसानों के शोषण एवं उनकी दुर्दशा का मार्मिक वर्णन प्रस्तुत किया था।

## प्रमुख संस्थाएं, सन्धियां, आयोग, अधिनियम

23. किस साल 'रेग्युलेटिंग एक्ट' पारित किया गया था?
(a) ई.स. 1757 (b) ई. स. 1765
(c) ई. स. 1773 (d) ई. स. 1793
उत्तर–(c)

व्याख्या – रेग्यूलेटिंग ऐक्ट 1773 द्वारा भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी के कर्मचारियों की मनमानी, दुराचारी एवं ऐश्वर्यपूर्ण गतिविधियों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। नार्थ द्वारा प्रस्तुत गोपनीय समिति की रिपोर्ट पर आधारित इस ऐक्ट ने भारत में एक सुनिश्चित शासन पद्धति की शुरुआत की।

24. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–
नेहरू रिपोर्ट.........की अध्यक्षता में एक कमेटी द्वारा तैयार किया गया था और इसका विषय था.........
(a) मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू; ब्रिटिश साम्राज्य के साथ भारत का रिश्ता
(b) जवाहरलाल नेहरू; भारत में स्थानीय स्वशासन
(c) मोतीलाल नेहरू, भारत में संवैधानिक व्यवस्थाएँ
(d) जवाहरलाल नेहरू; भारत में संवैधानिक व्यवस्थाएं
उत्तर–(c)

व्याख्या - भारत सचिव लॉर्ड बर्केन हेड ने 21 नवंबर, 1927 को यह चुनौती दी कि भारतीय ऐसा संविधान बनाएं जो सभी दलों को मान्य हो। भारतीय नेताओं ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए 19 मई, 1928 में मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में एक सात सदस्यीय समिति की स्थापना की जिसे भारत के संविधान के सिद्धान्तों का निर्धारण करना था। 10 अगस्त, 1928 को नेहरू रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

25. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–
.......में बंगाल और बिहार में भूमि पर किराएदारों के अधिकारों को बंगाल किराएदारी अधिनियम द्वारा दिया गया था।
(a) 1885 (b) 1886
(c) 1889 (d) 1900
उत्तर–(a)

26. निम्नलिखित में से कौनसा गोलमेज सम्मेलन 1932 में हुआ था?
(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा
उत्तर–(c)

व्याख्या - साइमन आयोग की रिपोर्ट पर विचार हेतु लंदन में कुल तीन गोलमेज सम्मेलन आयोजित किये गये जिसमें प्रथम गोलमेज सम्मेलन 12 नवंबर, 1930 से 13 जनवरी, 1931 तक, द्वितीय गोलमेज सम्मेलन 17 सितम्बर, 1931 से 1 दिसम्बर, 1931 तक तथा तृतीय गोलमेज सम्मेलन 17 नवम्बर, 1932 से 24 दिसम्बर, 1932 तक चला।

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

27. बीसवीं सदी के प्रारम्भिक वर्षों में कांग्रेस में विभाजन की प्रक्रिया शुरू हुई–
(a) कांग्रेस आन्दोलन की रणनीतियों पर
(b) कांग्रेस आन्दोलन के उद्देश्यों पर
(c) कांग्रेस आन्दोलन में लोगों की भागीदारी पर
(d) उपर्युक्त सभी
उत्तर–(a)

28. कैथरीन मेयो, ऐल्डस हक्सले, चार्ल्स एन्ड्रूज और विलियम डिग्बी के बीच आम रिश्ता क्या था?
(a) उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की हालत पर टिप्पणियाँ लिखीं
(b) वे भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के समर्थक थे


Scanned by CamScanner

(c) वे भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के विरोधी थे
(d) वे महात्मा गांधी के दोस्त थे
उत्तर–(a)

**29. निम्नलिखित पंक्तियों को किसने लिखा?**
**"सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,**
**देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है"**
(a) बिस्मिल (b) राजगुरु
(c) भगत सिंह (d) आजाद
उत्तर–(a)

> **व्याख्या** – राम प्रसाद बिस्मिल भारत के एक महान एवं अमर क्रांतिकारी थे। इनका जन्म 1897 में हुआ था। 1923 ई. में वे हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ तथा उसकी सैनिक इकाई के नेता बने। काकोरी षडयंत्र (1925 ई.) के तहत इन पर अभियोग चलाकर 19 दिसम्बर, 1927 को इन्हें फांसी दे दी गयी।

**30. किसने 1921 में पहली बार 'पूर्ण स्वतंत्रता' की मांग को उठाया?**
(a) मौलाना मोहम्मद अली (b) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(c) महात्मा गांधी (d) मौलाना हसरत मोहानी
उत्तर–(d)

> **व्याख्या**–प्रसिद्ध उर्दू शायर एवं कांग्रेसी नेता हसरत मोहानी ने 1921 में 'अखिल भारतीय कांग्रेस फोरम' में पहली बार पूर्ण स्वराज्य (Complete Independence) की मांग की थी।

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**31. निम्नलिखित में से कौनसी नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं?**
(a) गंगा, ब्रह्मपुत्र तथा गोदावरी
(b) महानदी, कृष्णा तथा कावेरी
(c) लूनी, नर्मदा तथा ताप्ती
(d) दोनों (a) और (b)
उत्तर–(d)

> **व्याख्या**–गंगा, ब्रह्मपुत्र, गोदावरी, महानदी, कृष्णा और कावेरी बंगाल की खाड़ी में गिरती है। जबकि नर्मदा और ताप्ती खम्भात की खाड़ी में और लूनी 'कच्छ की रन' में गिरती है।

**32. भारत में 'यरलूंग जंगबो नदी' को किस नाम से जाना जाता है?**
(a) गंगा (b) सिन्धु
(c) ब्रह्मपुत्र (d) महानदी
उत्तर–(c)

> **व्याख्या**–भारत में ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत में यरलूंग जंगबो नदी के नाम से जानी जाती है।

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

**33. भारत में प्रति व्यक्ति वन का क्षेत्र (औसत हेक्टेयर में) कितना है?**
(a) 0.23 (b) 0.34 (c) 0.20 (d) 0.29
उत्तर–(*)

> **व्याख्या**–भारत में प्रति व्यक्ति वन उपलब्धता 0.08 हेक्टेयर है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह 0.64 हेक्टेयर है।

**34. निम्नलिखित में से किस राज्य में कृषि भूमि 60 प्रतिशत से कम है?**
(a) पश्चिम बंगाल (b) पंजाब
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार
उत्तर–(d)

> **व्याख्या** – बिहार के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में से केवल 52.79 लाख हेक्टेयर पर ही वास्तव में कृषि होती है। सर्वाधिक फसल सघनता बक्सर में 82.7% तथा न्यूनतम दरभंगा में 1.14% है।

**35. 'नागार्जुन सागर बहु-उद्देशीय परियोजना' कौन सी नदी पर स्थित है?**
(a) ताप्ती (b) कोसी
(c) गोदावरी (d) कृष्णा
उत्तर–(d)

> **व्याख्या** – नागार्जुन सागर बहु-उद्देशीय परियोजना आन्ध्र प्रदेश में कृष्णा नदी पर अवस्थित है।

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**36. भारत में सबसे पुराना तेल का भण्डार कहाँ है?**
(a) बॉम्बे हाई, महाराष्ट्र (b) अंकलेश्वर, गुजरात
(c) नवगाँव, गुजरात (d) डिगबोई, असम
उत्तर–(d)

> **व्याख्या**–असम का डिगबोई क्षेत्र भारत का सबसे पुराना तेल क्षेत्र है।

**37. भारत के कौनसे दो राज्य सबसे बड़े पैमाने पर लौह अयस्क से सम्पन्न हैं?**
(a) बिहार और पश्चिम बंगाल
(b) मध्य प्रदेश और ओडिशा
(c) बिहार और ओडिशा
(d) मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल
उत्तर–(b)

> **व्याख्या** – भारत में लौह अयस्क उत्पादन में ओडिसा का प्रथम स्थान है। इसके बाद क्रमशः कर्नाटक, गोवा, छत्तीसगढ़ व झारखण्ड का स्थान है।

**38. झारखण्ड के झरिया क्षेत्र में मुख्यतः क्या पाया जाता है?**
(a) थोरियम (b) रेशम
(c) सोना (d) कोयला
उत्तर–(d)

> **व्याख्या** – झारखण्ड राज्य में झरिया, बोकारो, गिरिडीह, करनपुरा, रामगढ़ आदि क्षेत्रों से उत्तम कोटि का बिटुमिनस कोयला निकाला जाता है।

# विश्व का भूगोल

## स्थल मण्डल

**39. पेनाइल (यूरोप), अप्लेशियन (अमरीका) और आरावली (भारत) उदाहरण हैं–**
(a) युवा पर्वत शृंखला के (b) पुरानी पर्वत शृंखला के
(c) ब्लॉक पर्वत शृंखला के (d) फोल्ड पर्वत शृंखला के
उत्तर–(b)

> **व्याख्या**–यूरोप के पेनाइन, अमरीका के अपालेशियन और भारत के अरावली पर्वत पुरानी पर्वत शृंखला के उदाहरण हैं।



Scanned by CamScanner

## आर्थिक भूगोल

40. विश्व में एल्युमिनियम का सबसे बड़ा उत्पादक है–
(a) फ्रांस
(b) भारत
(c) यू.एस.ए.
(d) इटली
उत्तर–(c)

व्याख्या–2012 के आँकड़ों के अनुसार प्रश्न में दिए गए देशों में सबसे अधिक एल्यूमीनियम का उत्पादन USA में 1950 हजार टन होता है, भारत 1700 हजार टन, फ्रांस 349 हजार टन और इटली में 110 हजार टन उत्पादन होता है।

41. निम्नलिखित में से कौनसा शहर धातु के व्यापार का सबसे बड़ा केन्द्र है?
(a) जोहानसबर्ग
(b) न्यूयॉर्क
(c) लंदन
(d) सिंगापुर
उत्तर–(c)

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

42. शिशु मृत्यु दर क्या है?
(a) हर 1000 जीवित जन्मों में से अपन पाँचवें जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात
(b) हर 1000 जीवित जन्मों में से अपने पहले जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात
(c) हर 100 जीवित जन्मों में से अपने पाँचवें जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात
(d) हर 100 जीवित जन्मों में से अपने पहले जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात
उत्तर–(b)

## भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## पंचायती राजव्यवस्था व संविधान संशोधन

## अनुसूची

43. विकेन्द्रीकरण प्रणाली की सिफारिश किसने की थी?
(a) सी. राजगोपालाचारी
(b) जे.वी. कृपलानी
(c) बलवंत राय मेहता
(d) अशोक मेहता
उत्तर–(c)

व्याख्या–भारत में सर्वप्रथम विकेन्द्रीकरण प्रणाली (त्रिस्तरीय) की सिफारिश बलवन्त राय मेहता ने की थी उनकी सिफारिशों के आधार पर ही भारत में 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर में पंचायती राज का उद्घाटन किया गया।

## अर्थव्यवस्था

## विकासशील एवं विकसित अर्थव्यवस्था

44. भारत में मध्य-अर्धशतक (Mid-Fifties) में अपनाए गए महालनोबिस प्लान मॉडल का उद्देश्य था–
(a) मजबूत रक्षा उद्योग आधार बनाना
(b) भारी उद्योगों की स्थापना करना जो पूँजी सघन थे
(c) अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को रोकना
(d) कम समय के अन्दर बेरोजगारी को हटाना
उत्तर–(b)

व्याख्या–भारत की द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-61) का आधार तत्कालीन योजना आयोग के सदस्य पी.सी. महालनोबिस द्वारा तैयार किया गया था। इस योजना में उच्च विकास दर प्राप्त करने के लिए आधारभूत एवं भारी उद्योगों पर विशेष बल के साथ तीव्र औद्योगिकीकरण का मुख्य लक्ष्य बनाया गया था।

## आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

45. भारतीय योजना आयोग के अनुसार निम्नलिखित में से कौन से गरीबी रेखा के लिए सही हैं?
1. नगरीय क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति रु. 42 प्रतिदिन
2. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति रु. 26 प्रतिदिन
3. नगरीय क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति रु. 32 प्रतिदिन
4. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति रु. 32 प्रतिदिन

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए–
(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) 2 और 3
(d) 3 और 4
उत्तर–(c)

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

46. लौंग पौधे के निम्नलिखित में से किस भाग से प्राप्त होते हैं?
(a) शुष्क पत्तियाँ
(b) शुष्क तनें
(c) शुष्क बीज
(d) शुष्क पुष्प कली
उत्तर–(d)

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

47. स्तम्भ-I के साथ स्तम्भ-II को मिलाइए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–

स्तम्भ-I
A. 1955
B. 1964
C. 1982
D. 1987

स्तम्भ-II
1. भारतीय निर्यात-आयात बैंक
2. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
3. भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम
4. औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम (ICI)-1955 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI)-1964 भारतीय निर्यात-आयात बैंक (EXIM)-1982, औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (BI & FR)-1987

48. स्तम्भ-I के साथ स्तम्भ-II को मिलाइए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–

स्तम्भ-I
A. ओपन-जनरल लाइसेंस
B. TRYSEM
C. थोक मूल्य सूचकांक
D. नकदी-रिजर्व अनुपात



Scanned by CamScanner

स्तम्भ-II
1. रोजगार
2. विदेशी व्यापार
3. ऋण नियन्त्रण
4. मुद्रास्फीति

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

उत्तर–(a)

**49. सरकारी व्यय को नियन्त्रित करने का प्राधिकारी है–**
(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (b) योजना आयोग
(c) वित्त मन्त्रालय (d) वित्त आयोग
उत्तर–(c)

**व्याख्या** – भारतीय केंद्रीय वित्त मंत्रालय के निम्नलिखित पाँच विभाग हैं – आर्थिक कार्य, व्यय, राजस्व, वित्तीय सेवाएं और विनिवेश विभाग। इसमें व्यय विभाग केंद्र सरकार की सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली और राज्यों की वित्तीय स्थिति से संबंधित मामलों पर निगरानी रखने वाला एक नोडल विभाग है।

**50. भारत अधिकतम विदेशी मुद्रा किसके निर्यात से कमाता है?**
(a) लोहा (b) चाय (c) कपड़ा (d) रबर
उत्तर–(c)

**51. विदेशी मुद्रा, जिससे त्वरित प्रवास की प्रवृत्ति होती है, कहलाती है–**
(a) गर्म मुद्रा (b) स्वर्ण मुद्रा
(c) सुलभ मुद्रा (d) दुर्लभ मुद्रा
उत्तर–(a)

**व्याख्या** – शीघ्र पलायन कर जाने की प्रवृत्ति वाली मुद्रा को हॉट मनी अथवा गर्म मुद्रा कहते हैं। जिस स्थान पर अधिक लाभ मिलने की संभावना होती है, वहीं यह स्थानान्तरित हो जाती है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब किसी मुद्रा की तुलना में पूर्ति अधिक होती है तो ऐसी मुद्रा को सरल मुद्रा कहते हैं। इसके विपरीत स्थिति वाली मुद्रा दुर्लभ मुद्रा कही जाती है।

**52. भारत में बजट घाटे को पूरा करने की तदर्थ ट्रेजरी बिल प्रणाली को समाप्त कर दिया गया–**
(a) 1 अप्रैल, 1992 को (b) 1 अप्रैल, 1994 को
(c) 31 मार्च, 1996 को (d) 31 मार्च, 1997 को
उत्तर–(d)

**53. भारत में सेवा-कर किस वर्ष प्रारम्भ किया गया था?**
(a) 1994-95 (b) 1996-97
(c) 1998-99 (d) 1991-92
उत्तर–(a)

**व्याख्या**–भारत में सेवाकर 1994-95 से लागू हुआ।

**54. रुपए की परिवर्तनीयता का तात्पर्य है–**
(a) रुपए नोटों का सोने में परिवर्तित होने में सक्षम होना
(b) रुपए तथा अन्य प्रमुख मुद्राओं का आपस में आजादी से परिवर्तन की अनुमति देना
(c) बाजार की ताकतों द्वारा रुपए का मूल्य तय किए जाने की अनुमति देना
(d) भारत में मुद्राओं के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय बाजार का विकास करना
उत्तर–(b)

**व्याख्या** – 19 अगस्त, 1994 को भारतीय मुद्रा रुपया को भुगतान संतुलन के चालू खाते के लेन-देन के लिए पूर्ण परिवर्तनीय घोषित कर दिया गया।

**55. केन्द्रीय सरकार के निम्नलिखित महत्वपूर्ण कर राजस्व के स्रोतों पर विचार कीजिए–**
1. निगम-कर
2. निगम-कर के अलावा अन्य आय पर कर
3. कस्टम्स
4. संघ उत्पादन शुल्क

**सकल कर राजस्व के मामले में इनका सही अवरोही क्रम निम्नलिखित में से कौनसा है?**
(a) 1, 2, 4, 3 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 3, 1, 2, 4 (d) 2, 3, 1, 4
उत्तर–(a)

**व्याख्या**–वित्तीय वर्ष 2013-14 में राजस्व के स्रोत

| | |
|---|---|
| निगम कर | रु. 393677.00 करोड़ |
| आय कर | रु. 241691.00 करोड़ |
| संघ उत्पादन शुल्क | रु. 179537.34 करोड़ |
| कस्टम्स | रु. 175056.00 करोड़ |

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
1. बैंक दर वह ब्याज दर है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक अपने ग्राहकों से उनके अल्पकालिक उधार पर लेता है।
2. रेपो दर वह ब्याज दर है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक अपने ग्राहकों से उनके दीर्घकालिक उधार पर लेता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से गलत है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2
उत्तर–(d)

**व्याख्या**–बैंक दर वह ब्याज दर है जो भारतीय रिज़र्व बैंक अपने ग्राहकों से उनके-दीर्घकालिक (3-12 महीने) उधार पर लेता है जबकि रेपो दर वह ब्याज दर है जो भारतीय रिज़र्व बैंक अपने ग्राहकों से अल्पकालिक (2-90 दिन) उधार पर लेता है।

**57. भारत में वित्तीय क्षेत्र के सुधारों में शामिल है–**
(a) सी.आर. आर. और एस.एल. आर. को कम करना
(b) बीमा क्षेत्र में निजी कम्पनियों का प्रवेश
(c) ब्याज दर का अविनियमन
(d) उपर्युक्त सभी
उत्तर–(d)

## भारत का विदेश व्यापार एवं आर्थिक संगठन, शेयर बाजार

**58. प्रभावी राजस्व घाटा किस केन्द्रीय बजट में पेश किया गया?**
(a) 2010-11 (b) 2011-12
(c) 2009-10 (d) 2012-13
उत्तर–(b)

**व्याख्या** – प्रभावी राजस्व घाटा सर्वप्रथम केंद्रीय बजट 2011-12 में प्रारम्भ की गई। यह राजस्व घाटा और पूँजी परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान का अंतर होता है।

**59. ब्याज भुगतान एक आइटम है–**
(a) राजस्व व्यय का (b) पूँजीगत व्यय का
(c) योजना व्यय का (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(a)


Scanned by CamScanner

60. **HDR-2014 के अनुसार भारत का मानव विकास सूचकांक रैंक है–**
(a) 137 (b) 128 (c) 135 (d) 147
उत्तर–(c)

व्याख्या–HDI-2014 के अनुसार भारत का रैंक 135 (HDR 0.586) है।

61. **निम्नलिखित उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों पर विचार कीजिए–**
1. औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
2. कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
3. ग्रामीण श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
4. शहरी गैर-श्रम कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
**उपर्युक्त सूचकांकों में से कौनसा/से केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा संकलित किया जाता है/किए जाते हैं?**
(a) केवल 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 4 (d) 1, 2, 3 और 4
उत्तर–(d)

व्याख्या – केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय की स्थापना 2 मई, 1951 में हुई। इसका मुख्यालय दिल्ली में है। इसका प्रमुख कार्य राष्ट्रीय खातों, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, शहरी, ग्रामीण और संयुक्त उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों, लैंगिक सांख्यिकी सहित मानव संसाधन सांख्यिकी, उद्योगों के लिए वार्षिक सर्वे तथा आर्थिक गणना करना एवं अधिकारिक सांख्यिकी में प्रशिक्षण देना है।

62. **निम्नलिखित में से किन वर्षों में व्यापार सन्तुलन भारत के लिए अनुकूल था?**
(a) 1970-71 और 1974-75 (b) 1972-73 और 1976-77
(c) 1972-73 और 1975-76 (d) 1971-72 और 1976-77
उत्तर–(b)

व्याख्या–1950-51 के उपरान्त केवल दो वित्तीय वर्षों 1972-73 एवं 1976-77 में व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में रहा है।

## विज्ञान

### भौतिक विज्ञान

63. **कॉस्मिक किरणें–**
(a) आवेशित कण हैं।
(b) अनावेशित कण हैं।
(c) आवेशित तथा अनावेशित दोनों हो सकती हैं।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(a)

व्याख्या–कॉस्मिक विकिरण में मुख्यतः धनावेशित प्रोटान होते हैं। अल्पमात्रा में इलेक्ट्रॉन, पॉजीट्रॉन, न्यूट्रिनो एवं गामा-रे फोटोन भी होते हैं।

### रसायन विज्ञान

64. **सबसे अधिक क्रियाशील धातु कौनसी है?**
(a) सोडियम (b) कैल्सियम
(c) आयरन (लोहा) (d) पोटैशियम
उत्तर–(d)

व्याख्या–पोटैशियम एक रासायनिक तत्व है इसका प्रतीक K है। पोटैशियम नीलिमा लिए एक चमकदार श्वेत धातु है। यह वायु में शीघ्र मलिन हो जाता है और गर्म करने पर पिघल जाता है। जल में डालने पर विस्फोट के साथ क्रिया करके बैंगनी ज्वाला के साथ जलता है। पोटैशियम को तेल अथवा निष्क्रिय वातावरण में रखा जाता है। अभिक्रिया के आधार पर क्रमशः धातु इस प्रकार हैं- पोटैशियम, सोडियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम।

65. **निम्नलिखित में से कौनसा तत्व सभी कार्बनिक यौगिकों में मिलता है?**
(a) कार्बन (b) कैल्सियम (c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजन
उत्तर–(a)

व्याख्या–कार्बनिक यौगिकों में कार्बन मुख्य घटक है। लाखों की संख्या में कार्बनिक यौगिकों में कार्बन की प्रधानता है।

66. **सिगरेट लाइटर में निम्नलिखित में से कौन सी गैस प्रयुक्त होती है?**
(a) ब्यूटेन (b) मिथेन (c) प्रोपेन (d) रेडॉन
उत्तर–(a)

व्याख्या–सिगरेट लाइटर में ब्यूटेन गैस जो तरल एवं ज्वलनशील होती है, प्रयोग की जाती है।

### वनस्पति विज्ञान

67. **पादप कली है–**
(a) एक भ्रूणीय टहनी (b) एक भ्रूणीय पत्ती
(c) एक भ्रूणपोष (d) एक बीज
उत्तर–(a)

### मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

68. **डी.एन.ए. को जिसने अन्त:पात्र में बनाया?**
(a) आर्थर कोर्नबर्ग (b) रॉबर्ट हुक
(c) एडवर्ड जेनर (d) जोसेफ लिस्टर
उत्तर–(a)

व्याख्या–आर्थर कोर्नबर्ग को 1959 में औषधि के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार दिया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में DNA के परखनली जांच संश्लेषण के लिए उन्हें इस पुरस्कार से नवाजा गया था।

69. **तीव्रता एवं प्रयुक्तता के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कर्क रोग (Cancer) उत्पन्न कर सकता है तथा उसका उपचार भी करता है?**
(a) तम्बाकू (b) ऐल्कोहॉल
(c) आयनीय विकिरण (d) पराबैंगनी किरणें
उत्तर–(c)

70. **एक स्वस्थ वयस्क मनुष्य में रक्त का कुल परिमाप होता है–**
(a) 5-6 लीटर (b) 3-4 लीटर
(c) 8-10 लीटर (d) 10-12 लीटर
उत्तर–(a)

व्याख्या–रक्त एक तरल संयोजी उत्तक है। मानव शरीर में रक्त की मात्रा शरीर के भार का लगभग 7% होती है। इसका pH 7.4 होता है। वयस्क मनुष्य में औसतन 5-6 लीटर रक्त होता है।

71. **टाइफॉइड तथा कॉलरा विशिष्ट उदाहरण हैं–**
(a) संक्रामक रोगों के (b) वायु-जन्य रोगों के
(c) जल-जन्य रोगों के (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(c)

व्याख्या–आंत्र ज्वर (टाइफाइड) सेममोनेल्ला टायफी जीवाणु से होता है। यह रोग दूषित जल एवं दूषित खाद्य पदार्थों से होता है। हैजा (कालरा) विब्रियो कोलेरी नामक जीवाणु से होता है, जोकि जल, खाद्य पदार्थों तथा मक्खियों द्वारा तेजी से फैलता है। टाइफाइड एवं कालरा जल जनित बीमारी है।

72. **यकृत एवं मांसपेशियों में ऊर्जा जमा होती है–**
(a) कार्बोहाइड्रेट के रूप में (b) वसा के रूप में
(c) प्रोटीन के रूप में (d) ग्लाइकोजन के रूप में
उत्तर–(d)

व्याख्या–ग्लाइकोजन के रूप में यकृत एवं मांसपेशियों में ऊर्जा एकत्रित रहती है। ग्लाइकोजन, वस्तुतः ग्लूकोज का ही मोबिलाइज्ड स्टोरेज रूप है। जब ऊर्जा की जरूरत होती है, तो ग्लाइकोजन टूटकर ग्लूकोज के रूप में बदल जाता है।

73. **जीवाणु की खोज किसने की?**
(a) फ्लेमिंग (b) लेम्बल
(c) टेमिन (d) ल्यूवेनहुक
उत्तर–(d)



Scanned by CamScanner

74. जीवों में अत्यधिक विविधता का कारण है–
(a) अनुकूलन (b) सहभागिता
(c) उत्परिवर्तन (d) बहुगुणसूत्रता
उत्तर–(a)

75. कीट-संवर्धन क्या है?
(a) कीटों की वृद्धि करने का विज्ञान
(b) जन्तुओं के अध्ययन करने का विज्ञान
(c) मछलियों के अध्ययन करने का विज्ञान
(d) कीटों को मारने का विज्ञान
उत्तर–(a)

व्याख्या–कीटों (Worms) की संख्या में वृद्धि करने की विज्ञान को वर्मिकल्चर (Vermiculture) कहते हैं।

76. सबसे छोटा जीव, जो स्वयं विकास एवं प्रजनन करने में समर्थ है, है–
(a) विषाणु (b) जीवाणु
(c) माइकोप्लाज्मा (d) बैक्टीरियोफेज
उत्तर–(c)

77. सर्वप्रथम मानव हृदय प्रत्यारोपण हुआ था–
(a) अमरीका में (b) इंगलैण्ड में
(c) दक्षिण अफ्रीका में (d) फ्रांस में
उत्तर–(c)

व्याख्या–प्रथम मानव हृदय प्रत्यारोपण क्रिस्टियन बर्नार्ड द्वारा 3 दिसम्बर, 1967 को दक्षिणी अफ्रीका में किया गया था।

78. वृक्क से प्रति मिनट औसत रक्त प्रवाह होता है–
(a) 1000 सी.सी. (b) 1200 सी.सी.
(c) 200 सी.सी. (d) 500 सी.सी.
उत्तर–(b)

व्याख्या–दोनों वृक्कों (Kidneys) से प्रति मिनट 1200 घन सेन्टीमीटर रक्त का प्रवाह होता है।

## कृषि, पशुपालन एवं डेरी

79. किस वर्ष कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों की वार्षिक औसत वृद्धि दर (स्थिर मूल्यों पर) नकारात्मक हो गई थी?
(a) 2002-03 (b) 2003-04
(c) 2005-06 (d) 2006-07
उत्तर–(a)

80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. 'वर्षा बीमा', वर्षा बीमा योजना, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी लिमिटेड (AICIL) द्वारा किया जाता है।
2. यह योजना वर्ष 2007 के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि में शुरू की गई थी।
उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2
उत्तर–(a)

व्याख्या–वर्षा बीमा, वर्षा बीमा योजना AICIL द्वारा 2014 में लागू की गई थी।

## प्रादेशिक सामान्य-ज्ञान

81. बिहार से लोक सभा के लिए कितने सदस्य चुने जाते हैं?
(a) 20 (b) 30
(c) 35 (d) 40
उत्तर–(d)

व्याख्या – झारखण्ड के पृथक होने के बाद बिहार में वर्तमान लोकसभा सदस्यों की संख्या 40 तथा राज्यसभा के सदस्यों की संख्या 16 है।

82. बिहार का अद्वितीय त्योहार क्या है?
(a) दीपावली (b) बिसू
(c) विनायक चतुर्थी (d) छठ पूजा
उत्तर–(d)

व्याख्या – छठ पर्व बिहार का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय त्योहार है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के छठें दिन यह पूजा होती है।

83. बिहार में डालमिया नगर किसके लिए प्रसिद्ध है?
(a) रेशम (b) सीमेंट
(c) चमड़ा (d) जूट
उत्तर–(b)

व्याख्या – बिहार के रोहतास जिले में स्थित डालमिया नगर सीमेंट उद्योग के लिए प्रसिद्ध है जबकि जूट उद्योग के लिए पूर्णिया, कटिहार और दरभंगा तथा रेशमी वस्त्र उद्योग के लिए भागलपुर प्रसिद्ध है। भागलपुर को 'सिल्क सिटी' भी कहा जाता है।

84. बिहार में कितना वर्ग मीटर वन-क्षेत्र है?
(a) 2812 वर्ग मीटर (b) 3612 वर्ग मीटर
(c) 2461 वर्ग मीटर (d) 2612 वर्ग मीटर
उत्तर–(*)

व्याख्या–चूंकि प्रश्न में गणितीय मात्रक के तौर पर वर्गमीटर लिया गया है, जबकि वनों का क्षेत्रफल सामान्यतया हेक्टेयर अथवा किमी में आकलित किया जाता है। अतः इस प्रश्न में तकनीकी त्रुटि है।

85. निम्नलिखित में से कौनसा शहर बिहार के सबसे पूर्वी भाग में स्थित है?
(a) भागलपुर (b) पटना
(c) कटिहार (d) पूर्णिया
उत्तर–(c)

86. निम्नलिखित झीलों में से कौनसी बिहार में स्थित है?
(a) अनुपम झील (b) सांभर झील
(c) सुखना झील (d) कामा झील
उत्तर–(a)

व्याख्या – अनुपम झील बिहार के कैमूर (भभुआ) जिले में स्थित है जबकि सुखना झील चंडीगढ़ में, सांभर झील राजस्थान में और कामा झील रूस में अवस्थित है।

87. इनमें से कौन बिहार का/के किसान नेता था/थे?
1. स्वामी विद्यानंद
2. स्वामी सहजानंद
3. सरदार वल्लभभाई पटेल
निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए–
(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3
(c) 1 तथा 3 (d) केवल 2
उत्तर–(d)

व्याख्या – वल्लभभाई पटेल का जन्म 1875 में गुजरात के एक कृषक परिवार में हुआ था जबकि सहजानंद का जन्म 1889 में बिहार में हुआ था।

## गणित

88. माना $f : R \rightarrow R$ परिभाषित होता है $f(x) = x^2 - 3x + 2$ से, तब $f(f(5))$ का मान होगा–

(a) 90 (b) 100
(c) 110 (d) 80

उत्तर–(c)

व्याख्या– $\Rightarrow f(x) = x^2 - 3x + 2$

तो $f(f(5)) = ?$

$f(5) = 25 - 15 + 2 = 12$

$f(12) = 144 - 36 + 2 = 110$

89. यदि ${}^{2n}C_3 : {}^{n}C_2 = 12 : 1$, तब n का मान होगा–

(a) 6 (b) 5
(c) 4 (d) 3

उत्तर–(b)

व्याख्या– ${}^{2n}C_3 : {}^{n}C_2 = 12 : 1$

$= \frac{2n(2n-1)(2n-2)}{3\times2\times1} : \frac{n(n-1)}{2\times1}$

$= \frac{12}{1}$

$(2n - 1) = 9$

$n = 5$

90. 7, 7, 7, 7, 7 का प्रसरण होगा–

(a) 7 (b) 0
(c) 2 (d) 7.5

उत्तर–(b)

91. दिया है $\log 2 = 0.30103$ तब $\log 5$ होगा–

(a) 0.2301 (b) 0.5302
(c) 0.720 (d) 0.6989

उत्तर–(d)

व्याख्या–$\log_{10} 2 = .30103$

$\log 5 = \log \frac{100}{20}$

$= 2 \log 10 - (\log_{10}10 + \log_{10}2)2 - 1.30103$

$= .69897$

92. समीकरण $2x + 10 \geq 0$ का हल होगा–

(a) $x \geq -8$ (b) $x \geq -5$
(c) $x \geq -9$ (d) $x \geq -10$

उत्तर–(b)

व्याख्या– $2x + 10 \geq 0$

$2x \geq -10$

$x \geq -5$

93. श्रेणी $\frac{1}{2} + \frac{5}{6} + \frac{7}{6}$ .........है

(a) समान्तर श्रेणी (b) गुणोत्तर श्रेणी
(c) हरात्मक श्रेणी (d) चरघातांकी श्रेणी

उत्तर–(a)

व्याख्या–अन्तर $(r) = \frac{5}{6} - \frac{1}{2}$

$\frac{2}{6} = \frac{1}{3}$

94. एक त्रिभुज के शीर्ष (1, 6), (3, 0) तथा (– 3, –7) हैं, उसका वर्ग इकाई में क्षेत्रफल है–

(a) 10 (b) 25
(c) 30 (d) 40

उत्तर–(b)

व्याख्या– Δ का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2}\begin{vmatrix} 1 & 6 & 1 \\ 3 & 0 & 1 \\ -3 & -7 & 1 \end{vmatrix}$

$= \frac{1}{2}\begin{vmatrix} 1 & 6 & 1 \\ 2 & -6 & 0 \\ -4 & -13 & 0 \end{vmatrix} \quad \begin{Bmatrix} R_2 = R_2 - R_1 \\ R_3 = R_3 - R_1 \end{Bmatrix}$

$= \frac{1}{2}|+26-(-24)|$

$= 25$

95. दो रेखाओं $3x + y - 7 = 0$ तथा $x + 2y + 9 = 0$ के बीच का कोण होगा–

(a) 60° (b) 45°
(c) 30° (d) 90°

उत्तर–(b)

व्याख्या–माना $m_1, m_2$ दी गई लाइनों की ढाल प्रदर्शित करते हैं।

तब $m_1 = -3$

$m_2 = \frac{-1}{2}$

यदि θ दी गई लाइनों के बीच न्यूनकोण है, तो

$\tan\theta = \left(\frac{m_1 - m_2}{1 + m_1 m_2}\right)$

$= \frac{-3-\left(-\frac{1}{2}\right)}{1+(-3)\left(-\frac{1}{2}\right)}$

$= 1$

$\theta = 45^\circ$

96. यदि $\tan 60^\circ = \sqrt{3}$, तो $\sec 60^\circ$ का मान है–

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

उत्तर–(c)

व्याख्या–$\sec^2\theta - \tan^2\theta = 1$

$\sec^2\theta - \tan 60 = 1$

$\sec^2\theta - (\sqrt{3})^2 = 1$

$\sec^2\theta = 1 + 3$

$\sec\theta = 2$



Scanned by CamScanner

97. एक वृत्त का क्षेत्रफल 154 वर्ग इकाई है इसके व्यासों के समीकरण $2x - 3y + 12 = 0$ तथा $x + 4y - 5 = 0$ हैं, वृत्त की त्रिज्या है–

(a) 8 इकाई (b) 7 इकाई
(c) 6 इकाई (d) 5 इकाई

उत्तर–(b)

व्याख्या– $\pi r^2 = 154$

$r = \sqrt{49}$

$r = 7$

## समसामयिकी

98. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 'मानसिक स्वास्थ्य नीति' प्रारम्भ की गई–

(a) 20 अक्टूबर, 2014 को (b) 10 अक्टूबर, 2014 को
(c) 5 अक्टूबर, 2014 को (d) 11 जुलाई, 2014 को

उत्तर–(b)

व्याख्या – तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने 10 अक्टूबर, 2014 को "राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति" का शुभारम्भ किया। देश में पहली बार घोषित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति का उद्देश्य सभी स्तरों पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समझ विकसित करना तथा मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में नेतृत्व को सुदृढ़ करके मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों पर दोष मढ़ने के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के साथ अवसाद, सीजोफ्रेनिया, बाई पोलर सिंड्रोम आदि से पीड़ित व्यक्तियों के लक्षणों को स्पष्ट करने और उपचारात्मक सुविधाएं प्रदान करने का है।

99. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' प्रारम्भ की गई–

(a) 11 अक्टूबर, 2014 को (b) 10 नवम्बर, 2014 को
(c) 26 अगस्त, 2014 को (d) 15 अगस्त, 2014 को

उत्तर–(a)

व्याख्या – लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर गांवों के समग्र विकास के लिए 11 अक्टूबर, 2014 को प्रधानमंत्री द्वारा "सांसद आदर्श ग्राम योजना" का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मार्च 2019 तक तीन आदर्श गाँवों का विकास करना है, जिनमें से एक गाँव का विकास वर्ष 2016 तक किया जाना है। इसके बाद वर्ष 2024 तक ऐसे पाँच आदर्श गाँवों का चयन एवं समग्र विकास किया जाना है।

100. ग्यारहवीं महानगर कांग्रेस हैदराबाद में आयोजित की गई थी–

(a) सितम्बर 2013 में (b) जनवरी 2014 में
(c) अक्टूबर 2014 में (d) नवम्बर 2014 में

उत्तर–(c)

101. किस क्षेत्र में भारत-अमरीकी सैन्य अभ्यास 'युद्धाभ्यास 2014' आयोजित किया गया था?

(a) सोलन (हिमाचल प्रदेश) (b) गैरसेण (उत्तराखण्ड)
(c) रानीखेत (उत्तराखण्ड) (d) पुंछ (जम्मू तथा कश्मीर)

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारतीय अमरीकी सैन्य अभ्यास "युद्धाभ्यास-2014' चौबटिया (रानीखेत के पास), उत्तराखण्ड में आयोजित किया गया था।

102. निम्नलिखित में से राजनीतिक दलों का कौनसा समूह 16वीं लोक सभा के चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाया?

(a) एम.एन.एस., बी.एस.पी., एस.पी., आर.जे.डी.
(b) एस.पी., बी.एस.पी., नेशनल कॉन्फ्रेन्स, आर.एल.डी.
(c) जे.डी. (यू.), बी.एस.पी., एन.सी.पी., आर.जे.डी.
(d) डी.एम.के., आर.एल.डी., नेशनल कॉन्फ्रेन्स, बी.एस.पी.

उत्तर–(d)

व्याख्या – भारत में 16वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव 7 अप्रैल से 12 मई, 2014 तक 9 चरणों में सम्पन्न हुई जिसमें डी. एम. के., आर. एल. डी. नेशनल कॉन्फ्रेंस और बी. एस. पी. को एक भी सीट प्राप्त नहीं हुई।

103. राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने 7 अक्टूबर, 2014 को लोक प्रशासन, शिक्षा-सम्बन्धी विषय और प्रबन्धन के लिए 2014 का लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया–

(a) वी. सम्पत को (b) डॉ. ए.एस. पिल्लई को
(c) अरविन्द मायाराम को (d) अजीत डोभाल को

उत्तर–(b)

व्याख्या – 7 अक्टूबर, 2014 को रक्षा प्रौद्योगिकीविद और ब्रह्मोस मिसाइल के जनक डॉ. अपाथुकाथा शिवथानु पिल्लई को लोक प्रशासन, शिक्षा एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2014 के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्हें यह पुरस्कार एयरोस्पेस व मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रदान किया गया।

104. भारत सरकार द्वारा फरवरी 2014 में गठित सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

(a) न्यायमूर्ति बी.के. सिंह
(b) न्यायमूर्ति स्वतंत्र कुमार
(c) न्यायमूर्ति अशोक कुमार माथुर
(d) न्यायमूर्ति मृदुला सिंह

उत्तर–(c)

व्याख्या – तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार माथुर की अध्यक्षता में 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को 28 फरवरी, 2014 को मंजूरी प्रदान की। इसमें तीन अन्य सदस्यों की नियुक्ति भी की गई - श्री विवेक राय, डॉ. राथिन राय और श्रीमती मीना अग्रवाल।

105. न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा कमेटी की रिपोर्ट, 2013 सम्बन्धित है–

(a) केन्द्र-राज्य सम्बन्धों से
(b) महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से सम्बद्ध कानून में परिवर्तन से
(c) मौलिक अधिकारों से
(d) बच्चों के अधिकारों से

उत्तर–(b)

व्याख्या – 16 दिसंबर, 2012 को दिल्ली में हुई बलात्कार की नृशंस घटना के बाद न्यायमूर्ति जे. एस. वर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट जारी की जिसमें महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से सम्बद्ध कानूनों को और सख्त किए जाने की सिफारिश की है।

106. इनमें से किसको 2014 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है?

(a) कैलाश सत्यार्थी (b) मलाला युसफजई
(c) जीन टैंगेले (d) पैट्रिक मोडियानो

उत्तर–(d)



Scanned by CamScanner

व्याख्या – फ्रांस में यहूदियों पर हुए अत्याचार से सम्बन्धित उपन्यास 'मिसिंग पर्सन' के लिए फ्रांस के पैट्रिक मोडियानों को वर्ष 2014 का साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

**107. निम्नलिखित यूरोपीय यूनियन देशों में से फिलीस्तीन राज्य को अधिकारिक मान्यता देने वाला प्रथम कौन है?**

(a) स्वीडन (b) डेनमार्क
(c) नॉर्वे (d) इटली

उत्तर–(a)

व्याख्या–स्वीडन, यूरोपीय संघ के देशों में ऐसा पहला देश है, जिसने फिलिस्तीन को (30 अक्टूबर, 2014) अधिकारिक मान्यता प्रदान की है।

**108. निम्नलिखित में से किस देश ने जनवरी 2014 में अपने सभी वयस्क पुरुषों के लिए सैन्य सेवा को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया?**

(a) उत्तरी कोरिया (b) यू.ए.ई.
(c) इजराइल (d) टर्की

उत्तर–(b)

व्याख्या–संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) ने जनवरी 2014 में देश के सभी वयस्क पुरुषों के लिए सैन्य प्रशिक्षण अनिवार्य घोषित कर दिया, जबकि महिलाओं के लिए यह निर्णय स्वैच्छिक है।

**109. वैश्विक वित्तीय विकास रिपोर्ट, 2014 का विषय है–**

(a) भूख और निर्धनता
(b) सामूहिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी
(c) वित्तीय समावेशन
(d) वैश्विक मन्दी और तृतीय विश्व

उत्तर–(c)

व्याख्या–वैश्विक वित्तीय विकास रिपोर्ट 2014 का विषय था 'वित्तीय समावेशन'।

**110. इनमें से किन्हें 'टाइम' पत्रिका में 2014 के 25 सबसे अधिक प्रभावशाली किशोरों की सूची में गिना गया है?**

(a) मालिया और सशा ओबामा
(b) केन्डाल और कीली जेन्नर
(c) मलाला युसफजई
(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

**111. सातवाँ ब्रिक्स (BRICS) सम्मेलन 2015 में आयोजित होना प्रस्तावित है–**

(a) डरबन, दक्षिण अफ्रीका में (b) यूफा, रूस में
(c) नई दिल्ली, भारत में (d) सान्या, चीन में

उत्तर–(b)

व्याख्या – 7वाँ ब्रिक्स सम्मेलन-2015 रूस के यूफा में प्रस्तावित है जबकि 6वाँ ब्रिक्स सम्मेलन जुलाई 2014 में ब्राजील के फोर्टेलिजा में सम्पन्न हुआ था।

**112. अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया जाता है–**

(a) 10 दिसम्बर को (b) 24 अक्टूबर को
(c) 19 नवम्बर को (d) 3 दिसम्बर को

उत्तर–(d)

व्याख्या – अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस 3 दिसम्बर को मनाया जाता है जबकि 10 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस, 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस, विश्व विकास सूचना दिवस और 19 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय नागरिक दिवस तथा विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है।

**113. अक्टूबर 2014 में भारत तीन वर्षों के लिए सदस्य के रूप में पुनः निर्वाचित हुआ है–**

(a) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के लिए
(b) संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए
(c) संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद् (ECOSOC) के लिए
(d) विश्व बैंक के लिए

उत्तर–(c)

व्याख्या – भारत तीन वर्ष के एक और कार्यकाल के लिए ECOSOC में सदस्य के रूप में 29 अक्टूबर, 2014 को चुन लिया गया। इस सदस्यता के लिए भारत की स्पर्द्धा एशिया-प्रशांत समूह में थी, जिसमें कुल तीन सीटों के लिए चुनाव हुआ। 193 सदस्यों वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ECOSOC के लिए कुल 18 सदस्यों को निर्वाचित किया जिनका कार्यकाल 1 जनवरी, 2015 से 31 दिसम्बर, 2017 तक रहेगा।

**114. अंगोला, मलेशिया, न्यूजीलैण्ड, स्पेन और वेनेजुएला 16 अक्टूबर, 2014 को गैर-स्थायी सदस्यों के रूप में सेवा करने हेतु चुने गए–**

(a) संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए
(b) संयुक्त राष्ट्र न्यास परिषद् के लिए
(c) संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार आयोग के लिए
(d) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के लिए

उत्तर–(d)

व्याख्या–संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें अधिवेशन के दौरान 16 अक्टूबर, 2014 को सुरक्षा परिषद् के 5 अस्थायी सदस्यों का चुनाव किया गया। इन नए चुने सदस्यों–अंगोला, मलेशिया, न्यूजीलैण्ड, स्पेन एवं वेनेजुएला का कार्यकाल दो वर्ष (2015-16) होगा।

**115. निम्नलिखित देशों में से किसने फरवरी 2014 के सोचि शीतकालीन ओलम्पिक खेलों में सबसे अधिक संख्या में स्वर्ण पदक जीते?**

(a) कनाडा (b) रूस
(c) नॉर्वे (d) यू.एस.ए.

उत्तर–(b)

व्याख्या–फरवरी 2014 में सोचि शीतकालीन ओलम्पिक खेलों में सबसे अधिक स्वर्ण पदक (30 स्वर्ण पदक) रूस ने जीते थे।

**116. इनमें से किस बहुमुखी योग्यता वाले क्रिकेट खिलाड़ी ने एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में जनवरी 2014 में तीव्र गति से शतक बनाया?**

(a) ड्वेन ब्रेवो (b) जेम्स फकनर
(c) ग्लेन मैक्सवेल (d) कोरे एन्डरसन

उत्तर–(d)

व्याख्या–एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में 1 जनवरी, 2014 को कोरे एन्डरसन ने West Indies के खिलाफ 36 गेंदों में तीव्र गति से शतक लगाया था।

**117. चैम्पियन्स लीग टी-20, 2014 का विजेता कौन था?**

(a) कोलकाता नाइट राइडर्स (भारत)
(b) राजस्थान रॉयल्स (भारत)


Scanned by CamScanner

(c) सिडनी सिक्सर्स (ऑस्ट्रेलिया)
(d) चेन्नई सुपर किंग्स (भारत)
उत्तर–(d)

व्याख्या–चैम्पियन्स लीग T-20, 2014 में चेन्नई सुपर किंग्स भारत ने K.K.R. (भारत) को हराया था।

**118. 17वें एशियन गेम्स, 2014 में भारत का स्थान क्या था?**

(a) आठवाँ (b) छठवाँ
(c) तीसरा (d) चतुर्थ
उत्तर–(a)

व्याख्या – 17वें एशियाई खेल 2014 में 11 स्वर्ण, 10 रजत तथा 36 कांस्य पदकों को मिलाकर कुल 57 पदकों के साथ भारत आठवें स्थान पर रहा। दक्षिण कोरिया के इंचियोन में 19 सितम्बर, 2014 से 4 अक्टूबर, 2014 के मध्य आयोजित इस प्रतियोगिता में चीन तथा दक्षिण कोरिया दूसरे स्थान पर रहा।

**119. इनमें से कौन 17वें एशियन गेम्स में पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता था?**

(a) जीतू राय (b) संदीप कुमार
(c) रजत चौहान (d) योगेश्वर दत्त
उत्तर–(d)

व्याख्या – 17वें एशियाई खेलों में पुरुषों के 65 किग्रा. फ्रीस्टाइल कुश्ती में योगेश्वर दत्त ने स्वर्ण पदक जीता जबकि जीतू राय ने शूटिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और संदीप कुमार तथा रजत चौहान पुरुष तीरंदाजी टीम में स्वर्ण पदक करने में सफल रहे।

**120. वीसवें राष्ट्रमण्डल खेलों में किस देश ने पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया?**

(a) श्रीलंका (b) नेपाल
(c) इंगलैण्ड (d) भारत
उत्तर–(d)

व्याख्या – भारत ने 15 स्वर्ण, 30 रजत तथा 19 कांस्य सहित कुल 64 पदकों के साथ 20वें राष्ट्रमंडल खेल 2014 में 5वाँ स्थान प्राप्त किया। 23 जुलाई से 3 अगस्त, 2014 को स्कॉटलैण्ड के ग्लासगो में आयोजित इस खेल समारोह में कुल 174 पदक जीतकर इंग्लैण्ड ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया जबकि ऑस्ट्रेलिया व कनाडा क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

**121. किसने अपना प्रथम ग्रैंड स्लैम आस्ट्रेलियन ओपन टेनिस कॉम्पिटिशन, 2014 (महिला एकल) जीता?**

(a) ली ना (b) डोमीनिका सिबुलकोवा
(c) सारा ईरानी (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर–(a)

व्याख्या–अपना प्रथम ग्रैंड स्लैम आस्ट्रेलियन ओपन टेनिस चैम्पियन 2014 (महिला एकल) का खिताब ली ना ने जीता था। ली ना ने सीधे सेटों में (7-6, 6-0) डोमिनिका सिबुलकोवा को परास्त किया था।

**122. सैफ (SAFF) टूर्नामेंट, 2013 का विजेता कौन था?**

(a) भारत (b) मालदीव
(c) अफगानिस्तान (d) नेपाल
उत्तर–(c)

व्याख्या – 31 अगस्त से 11 सितम्बर, 2013 के मध्य नेपाल में आयोजित 10 सैफ चैम्पियनशिप में अफगानिस्तान ने भारत को पराजित किया। इसमें कुल आठ टीमों के मध्य कुल 15 मैच खेले गये।

**123. वर्ष 2013-14 में भारत में तिलहनों का कुल उत्पादन क्या है?**

(a) 34.32 मिलियन टन (b) 43.34 मिलियन टन
(c) 20.89 मिलियन टन (d) 30.72 मिलियन टन
उत्तर–(*)

व्याख्या–आर्थिक सर्वेक्षण 2013-14 के अनुसार भारत में 2013-14 के दौरान तिलहन का कुल उत्पादन 32.4 मीट्रिक टन हुआ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.85% अधिक था।

## विविधा

**124. एमनेस्टी इंटरनेशनल एक संगठन है, जो जुड़ा हुआ है–**

(a) महिला अधिकारों के संरक्षण से
(b) मानव अधिकारों के संरक्षण से
(c) अस्पृश्यता के उन्मूलन से
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(b)

व्याख्या – एमनेस्टी इंटरनेशनल एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना 1961 में लंदन में की गई थी। यह मानव अधिकारों के संरक्षण से संबद्ध है।

**125. खेलकूद में उत्कृष्टता के लिए कौनसा पुरस्कार दिया जाता है?**

(a) जमनालाल बजाज पुरस्कार (b) अर्जुन पुरस्कार
(c) टैगोर पुरस्कार (d) मूर्तिदेवी पुरस्कार
उत्तर–(b)

व्याख्या – अर्जुन पुरस्कार भारत सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार का प्रारम्भ 1961 में हुआ था। पुरस्कारस्वरूप पाँच लाख रुपये की राशि, अर्जुन की कांस्य प्रतिमा और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। 29 अगस्त, 2015 को मनदीप जांगड़, रोहित शर्मा तथा बजरंग कुमार को वर्ष 2015 का अर्जुन पुरस्कार दिया गया।

**126. प्रिन्स ऑफ वेल्स कप' किस खेल से सम्बन्धित है?**

(a) हॉकी (b) क्रिकेट
(c) फुटबाल (d) गोल्फ
उत्तर–(a)

व्याख्या–'प्रिंस ऑफ वेल्स कप' आइस हॉकी से सम्बन्धित है।

**127. पटना में किस सिख गुरु का जन्म हुआ था?**

(a) नानक (b) तेग बहादुर
(c) हरगोविन्द (d) गोविन्द सिंह
उत्तर–(d)

व्याख्या – सिक्खों के दसवें तथा अंतिम गुरु गोविन्द सिंह का जन्म 1666 ई. में पटना में हुआ था। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की और सिक्खों को सैनिक सम्प्रदाय में परिणत कर दिया। गुरु तेग बहादुर सिक्खों के नवें गुरू थे जिनकी औरंगजेब ने हत्या करवा दी। हरगोविन्द सिक्खों के 6वें गुरु थे जिन्होंने अमृतसर में अकाल तख्त की स्थापना की।

**128. जयप्रकाश नारायण किस नाम से पहचाने जाते हैं?**

(a) लोकमान्य (b) लोकनायक
(c) लोकहितवादी (d) लोकनेता
उत्तर–(b)



Scanned by CamScanner

व्याख्या – लोकनायक के उपनाम से विख्यात जयप्रकाश नारायण ने 1930 में बिहार समाजवादी पार्टी तथा 1934 में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये जनता पार्टी के संस्थापक भी थे तथा 'समाजवाद ही क्यों' नामक पुस्तक की रचना की।

**129. सबसे बड़ी तटीय रेखा किस देश की है?**

(a) यू.एस.ए. (b) आस्ट्रेलिया
(c) कनाडा (d) भारत

उत्तर–(c)

व्याख्या–सबसे लम्बी तटीय रेखा कनाडा (2,02,080 किमी) है। (आस्ट्रेलिया 25,750 किमी. 19,924 किमी. भारत 7,516 किमी)

**130. निम्नलिखित नदियों और उन शहरों का मेल मिलाइए, जिनमें से होकर ये नदियाँ बह रही हैं और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| शहर | नदी |
|---|---|
| A. रॉटरडैम | 1. सीन |
| B. पेरिस | 2. पोटोमैक |
| C. बुडापेस्ट | 3. राइन |
| D. वाशिंगटन | 4. डेन्यूब |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

उत्तर–(c)

व्याख्या – फ्रांस की राजधानी पेरिस सीन नदी के किनारे, संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डी. सी. पोटोमैक नदी के किनारे, हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट डेन्यूब नदी के किनारे तथा जलपोत निर्माण के लिए प्रसिद्ध रॉटरडैम (नीदरलैण्ड) राइन नदी के किनारे अवस्थित है।

**131. निम्नलिखित में से कौनसा एक सबसे सूखा स्थान है?**

(a) मुम्बई (b) दिल्ली
(c) लेह (d) बेंगलूरु

उत्तर–(c)

व्याख्या–लेह शीत मरुस्थलीय क्षेत्र होने के कारण भारत का सबसे सूखा क्षेत्र माना जाता है।

**132. निम्नलिखित में से किस राज्य में जनजातीय समुदाय की पहचान नहीं की गई है?**

(a) महाराष्ट्र (b) छत्तीसगढ़
(c) हरियाणा (d) कर्नाटक

उत्तर–(c)

व्याख्या – पुडुचेरी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा तथा पंजाब में कोई भी अनुसूचित जनजाति नहीं पाई जाती है जबकि महाराष्ट्र में वहाँ की कुल जनसंख्या का 9.4%, छत्तीसगढ़ में 30% और कर्नाटक में 7% जनजातियाँ पायी जाती हैं।

**133. सुल्तानपुर बर्ड सैंक्चुअरी स्थित है–**

(a) चंडीगढ़ में (b) भरतपुर में
(c) गुड़गाँव में (d) गाँधीनगर में

उत्तर–(c)

व्याख्या–सुल्तानपुर पक्षी विहार, गुड़गाँव से 15 किमी दूर स्थित है। यह हरियाणा के गुड़गाँव जिले में आता है।

**134. निम्नलिखित में से कौनसा एक 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन' में शामिल नहीं है?**

(a) तिलहन (b) गेहूँ (c) चावल (d) दाल

उत्तर–(a)

व्याख्या – केंद्र द्वारा प्रायोजित "राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन" 2007-08 में प्रारम्भ किया गया। यह मिशन देश के 17 राज्यों के 312 जिलों में कार्यान्वित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के कुछ जिलों के क्षेत्र विस्तार और उत्पादकता में वृद्धि के माध्यम से चावल, गेहूँ और दालों के उत्पादन में वृद्धि करना है। इस योजना में तिलहन शामिल नहीं है।

**135. आर.एन. मल्होत्रा कमेटी सम्बन्धित है–**

(a) बीमार उद्योगों से (b) कर सुधारों से
(c) बीमा क्षेत्र से (d) बैंकिंग क्षेत्र से

उत्तर–(c)

व्याख्या–1993 मे गठित आर.एन. मल्होत्रा कमेटी का सम्बन्ध बीमा क्षेत्र से था।

**136. माइक्रो, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसी एक निर्माणी क्षेत्र के मध्यम उद्योगों हेतु निर्धारित निवेश की सीमा है?**

(a) रु. 10 लाख से अधिक और 2 करोड़ से कम
(b) 2 करोड़ से अधिक और 5 करोड़ से कम
(c) 5 करोड़ से अधिक और 10 करोड़ से कम
(d) 10 करोड़ से अधिक

उत्तर–(c)

व्याख्या – 2 अक्टूबर, 2006 से लागू माइक्रो लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 के अनुसार निर्धारित निवेश सीमा निम्नांकित है–

| उद्यम | विनिर्माण उद्यम | सेवा उद्यम |
|---|---|---|
| माइक्रो | 25 लाख तक | 10 लाख तक |
| लघु | 25 लाख से 5 करोड़ तक | 10 लाख से 2 करोड़ तक |
| उद्यम | 5 करोड़ से 10 करोड़ तक | 2 करोड़ से 5 करोड़ तक |

**137. निम्नलिखित समझौतों पर विचार कीजिए–**

1. ISLFTA (भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता)
2. SAFTA (दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र)
3. CECA (भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता)
4. SAPTA (दक्षिण एशिया अधिमान्य व्यापार व्यवस्था)

**उपर्युक्त समझौतों का सही कालानुक्रमिक क्रम निम्नलिखित में से कौन सा है?**

(a) 1, 3, 2, 4 (b) 4, 1, 2, 3
(c) 2, 1, 4, 3 (d) 1, 2, 3, 4

उत्तर–(b)

व्याख्या–दक्षिण एशिया अधिमान्य व्यापार व्यवस्था (SAFTA)–1993
भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता (ISLFTA)–1999
दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA)–2004
भारत-सिंगापुर आर्थिक सहयोग समझौता (CECA)–2006

**138. निम्नलिखित में से कौन सा 'भारत निर्माण' का एक अंग नहीं है?**

(a) ग्रामीण आवास (b) ग्रामीण विद्युतीकरण
(c) कृषि-आधारित उद्योग (d) ग्रामीण टेलीफोनी

उत्तर–(c)



Scanned by CamScanner

व्याख्या–भारत निर्माण के अंग हैं–जलापूर्ति, आवास, सिंचाई, ग्रामीण विद्युतीकरण, सड़क, ग्रामीण टेलीफोन न कि कृषि आधारित उद्योग।

**139. निम्नलिखित योजनाओं पर विचार कीजिए–**

1. ई.ए.एस. (EAS) 2. ट्राईसेम (TRYSEM)
3. जे.आर.वाई. (JRY) 4. आर.एल.ई.जी.पी. (RLEGP)

**इन योजनाओं को लागू करने का सही कालानुक्रमिक क्रम है–**

(a) 2, 4, 1, 3 (b) 4, 2, 3, 1
(c) 4, 3, 1, 2 (d) 2, 4, 3, 1

उत्तर–(d)

व्याख्या–ट्राइसेम (TRYSEM)-1979 ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारण्टी योजना (RLEGP)-15 _1983 जवाहर रोजगार योजना (JRY)-1989, एम्प्लायमेंट एश्योरेंस स्कीम (EAS)-2 अक्टूबर, 1993

**140. स्तम्भ-I के साथ स्तम्भ-II को मिलाइए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**स्तम्भ-I**

A. राष्ट्रीय कृषि नीति
B. समुद्रीय मत्स्य नीति
C. नवीन विदेशी व्यापार नीति
D. सातवाँ वित्तीय आयोग

**स्तम्भ-II**

1. 2004 2. 1978
3. 2000 4. 2014

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 | (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 | (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

उत्तर–(d)

**141. 'पागल पंथ' की स्थापना किसने की थी?**

(a) बुल्ले शाह (b) करम शाह
(c) यदुवेन्द्र सिंह (d) स्वामी सहजानन्द

उत्तर–(b)

व्याख्या–18-19वीं सदी में पागलपंथी नामक धार्मिक सम्प्रदाय भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में सक्रिय था जो सत्य, समानता और भाईचारे के सिद्धान्तों के समर्थक थे। इस सम्प्रदाय की स्थापना करम शाह ने की थी।

**142. फराजी कौन थे?**

(a) हाजी शरिअतुल्लाह के अनुयायी
(b) दादू के अनुयायी
(c) आर्य समाज के अनुयायी
(d) मुस्लिम लीग के अनुयायी

उत्तर–(a)

व्याख्या–फराजी आन्दोलन 18-19 वीं सदी में पूर्वी बंगाल में होने वाला एक धर्मसुधार आन्दोलन था, जिसका नेतृत्व फरीदपुर के हाजी शरिअतुल्लाह ने किया था।

**143. रामोसी विद्रोह सही रूप में किस भौगोलिक इलाके में हुआ था?**

(a) पश्चिमी भारत (b) पूर्वी घाट
(c) पूर्वी भारत (d) पश्चिमी घाट

उत्तर–(d)

व्याख्या–रामोसी विद्रोह 1822-29 के दौरान पश्चिमी घाट (महाराष्ट्र के सतारा क्षेत्र में) में वासुदेव बलवंत फड़के के नेतृत्व में हुआ था।

**144. बघेरा विद्रोह कहाँ हुआ?**

(a) सूरत (b) पूना (c) कालिकट (d) बड़ौदा

उत्तर–(d)

व्याख्या–बघेरा विद्रोह (1819-20) में वर्तमान गुजरात के बड़ौदा में वहाँ के शासक गायकवाड़ के विरुद्ध हुआ था।

**145. भारत में मीडिया को नियन्त्रित करने के लिए 'एक्ट' कब पारित किए गए थे?**

(a) 1835, 1867, 1878, 1908
(b) 1854, 1864, 1872, 1910
(c) 1854, 1872, 1908, 1910
(d) 1867, 1908, 1910, 1919

उत्तर–(a)

व्याख्या–Registration of Press Act - 1835
Press and Registration of Books Act - 1867
Vernacular Press Act-1878
News Papers (Incitement Offence) Act-1908

**146. 'New Lamps for Old' लेख-शृंखला (1893-94) में 'सर्वहारा-वर्ग' के साथ सम्पर्क से बाहर होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की गई थी। इन लेखों का लेखक कौन था?**

(a) अरविंद घोष (b) ए.ओ. ह्यूम
(c) जी.के. गोखले (d) बी.जी. तिलक

उत्तर–(a)

**147. भारत की कम्युनिस्ट पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के क्रमशः सबसे करीबी वर्ष पहचानिए–**

(a) 1915, 1914 (b) 1925, 1925
(c) 1928, 1925 (d) 1925, 1929

उत्तर–(b)

व्याख्या – राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर, 1925 को केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। भारत में साम्यवादी दल की स्थापना 1 दिसम्बर, 1925 को सिंगापुर वेलुचेट्टियार ने की थी।

**148. ओंकोजीन सम्बन्धित हैं–**

(a) तपेदिक से (b) पीलिया से
(c) कर्क रोग से (d) आंत्रज्वर से

उत्तर–(c)

व्याख्या–ओंकोजीन पशुओं में कैंसर रोग उत्पन्न करता है।

**149. वर्ष 1945 में नागासाकी (जापान) में गिराए गए बमों में कौनसा विस्फोटक प्रयुक्त किया गया था?**

(a) सोडियम (b) पोटैशियम
(c) प्लूटोनियम (d) यूरेनियम

उत्तर–(c)

व्याख्या–वर्ष 1945 में नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बम में प्लूटोनियम-239 का विस्फोटक के रूप में उपयोग किया गया था, जबकि हिरोशिमा पर गिराए गए नाभिकीय बम में यूरेनियम-235 का प्रयोग किया गया था।

**150. वैज्ञानिक, जिन्होंने सर्वप्रथम खोज की कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है, थे–**

(a) न्यूटन (b) डाल्टन
(c) कॉपरनिकस (d) आइन्स्टीन

उत्तर–(c)

व्याख्या–दार्शनिक कॉपरनिकस का यह कथन था कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है।



Scanned by CamScanner